समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 24 August 2026

# पुणे मेट्रो लाइन-3 की ट्रायल रन सफल, मार्च मे सेवा शुरू होने की उम्मीद

Publisher
Published on 13 Feb 2026




**पुणे :** शहर के लिए अहम मानी जा रही **पुणे मेट्रो की लाइन-3** (हिंजवाड़ी से शिवाजीनगर तक) के **ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरी हो गए है**, जिससे यह व्यावसायिक रूप से चालू होने के और करीब आ गई है। अधिकारियों का कहना है कि **मार्च 2026 तक मेट्रो सेवा शुरू होने की संभावना** है।

यह मेट्रो लाइन लगभग **23 किलोमीटर लंबी है** और इसे शहर के प्रमुख कार्यक्षेत्र, खासकर IT हब **राजीव गांधी इन्फोटेक पार्क (हिंजवाड़ी)**, को सीधे शिवाजीनगर से जोड़ने के लिए विकसित किया जा रहा है। रोज़ाना बहुत से लोग इस मार्ग पर ट्रैवल करते हैं और ट्रायल रन सफलता से पूरे सिस्टम की तैयारी साबित होती है।

पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (**PMRDA**) के अनुसार, अब **CMRS से व्यावसायिक संचालन की अनुमति** लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद, स्टेशन समेत बाकी तैयार हिस्सों को क्रमशः जनता के लिए खोलने की योजना है। कुछ स्टेशन जहाँ निर्माण चल रहा है, वे बाद में सेवा में आएंगे।

साथ ही **शिवाजीनगर-बनेर फ्लाईओवर** भी अगले सप्ताह जनता के लिए खोलने को तैयार है। यह फ्लाईओवर शहर में ट्रैफिक जाम को कम करने में मदद करेगा और वाहन चालकों को राहत देगा।

मेट्रो के चालू होने के बाद हजारों दैनिक यात्रियों जैसे कि ऑफिस जाने वाले, छात्र और आम नागरिकों को **तेज़, सुरक्षित और समय-बचत वाला** सार्वजनिक परिवहन प्राप्त होगा। इससे शहर की भीड़भाड़, प्रदूषण और पेट्रोल-डीज़ल पर निर्भरता में भी कमी आएगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.